महत्वपूर्ण एवं खास

तेज रफ्तार का कहर: पेड़ से टकराई बाइक, हादसे में तीन युवकों की मौत

बालोद (आरएनएस)। जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. सडक़ हादसे में तीन युवकों ने जान गंवा दी है. दरअसल तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार युवक जिले के सियादेवी मंदिर के दर्शन कर वापस लौट रहे थे. उसी दौरान यह हादसा हुआ. तीनों युवक दुर्ग जिले के अंडा थाना क्षेत्र के विनायकपुर के रहने वाले थे. तीनो दोस्त एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल में सवार थे. तीनों मृतक के नाम नमन 21 वर्ष, देवानन्द 24 वर्ष और खिलेंद्र 26 वर्ष बताया जा रहा है।

रानू साहू को बड़ा झटका, जमानत याचिका रद्द

रायपुर (आरएनएस)। निलंबित आईएएस रानू साहू को एक बार फिर बड़ा झटका मिला हैं। दरअसल उनकी जमानत याचिका खारिज हो गई है। बता दे कि रानू की जमानत याचिका पर रायपुर की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई जिसके बाद जज ने बुधवार तक के लिए फैसला सुरक्षित रखा था। वही आज कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। इससे पहले सोमवार को कोल स्कैम केस जिसकी ईडी जांच कर रही थी। उस मामले में दीपेश टांक और रानू साहू को 7 अगस्त तक अंतरिम जमानत मिली है। लेकिन रानू साहू आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की केस में जेल में बंद है।

अलग-अलग थाना क्षेत्र तीन कोचिया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 167 पाव देशी शराब व एक बाइक जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने महादेव घाट साई पैलेस के पास आरोपी नारायण यादव 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 90 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम छतौना के पास बाइक सवार आरोपी भोजराम चंद्राकर 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 60 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र बंजारे 30 वर्ष के पास से 17 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 8 गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने मेडिसाइन अस्पताल के पास सरेआम शराब पीते आरोपी अंकित 30 वर्ष व हेमंत कुमार 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी राजकुमार बोथरा 40 वर्ष, खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी नीलेश बंजारे 26 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी सत्येन्द्र ढीढी 32 वर्ष व सुरेश कुमार साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी गौतम चंद्राकर 34 वर्ष व अभनपुर पुलिस ने आरोपी लीलाधर ध्रुव 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

प्लांट के अंदर कैंटिन कर्मी हुआ बेहोश

रायपुर (आरएनएस)। भिलाई इस्पात संयंत्र के भीतर स्थित ब्लॉस्ट फर्नेस वर्क आफिस बिल्डिंग के ऊपर स्थित कैंटीन में कैंटीन कर्मचारी कार्य करते हुए गिर गया और बेहोश हो गया, जिसे उपचार के लिए मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार कैंटिन कर्मचारी लोकनाथ गिलास धोते समय गिरकर बेहोश हो गया था। उसके नीचे गिरते ही यहां हडक़ंप मच गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे संभाला और उसे तत्काल मेडिकल पोस्ट भेजा जहां उसका उपचार किया गया। वह कैसे गिरा, इसका पता नहीं चल पाया है।

राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का होगा तेजी से विकास : मनोहर लाल

❒ केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने छत्तीसगढ़ में हो रहे कार्यों की समीक्षा की

❒ छत्तीसगढ़ जल्दी ही वापस पाएगा 'पॉवर सरप्लस स्टेट' का दर्जा : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर | आरएनएस

केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने आज अपने रायपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ में ऊर्जा तथा शहरों में आवास व जनसुविधाएं विकसित करने किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा। छत्तीसगढ़ में बिजली और आवास से संबंधित सभी आवश्यकताएं पूर्ण करने के लिए भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनेक सुधारवादी कदम उठाएं जा रहे हैं। जनआकांक्षाओं के अनुरूप काम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बैठक में कहा कि लोगों को सस्ती और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने केन्द्र सरकार द्वारा अनेक अनुदान योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं हैं। उन्होंने राज्य सरकार को भारत सरकार द्वारा दी जा रही सभी निधियों और अनुदानों का पूर्ण उपयोग करने को कहा। राज्य में जिस तेजी से काम होंगे, उसी तेजी से भारत सरकार द्वारा राशि जारी की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में विकास योजनाओं को लेकर केन्द्र सरकार की ओर से कोई कठिनाई नही आएगी। दोनों बेहतर समन्वय से काम करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बैठक में सुझाव दिया कि क्लिन सिटी के तहत रायपुर को मिली 100 बसों का उपयोग नया रायपुर और रायपुर के बीच चलाने के लिए भी कर सकते हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के अंतर्गत लाइन-लॉस को कम करने के लिए किए जा रहे कार्यों, स्मार्ट मीटर की स्थापना, विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में विद्युतीकरण और बिजली उत्पादन के लिए कोयला की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने आवासन एवं शहरी कार्यों के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम ई-बस सेवा, स्मार्ट सिटी मिशन और राष्ट्रीय शहरी विकास मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल को धन्यवाद देते हुए कहा कि कार्यभार सम्भालने के एक माह के भीतर ही वे यहां विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उनके सहयोग से राज्य में विकास की गति को तेज करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य में तेजी से काम हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ जल्दी ही 'पॉवर सरप्लस स्टेट' का दर्जा वापस पा लेगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि प्रदेश में पिछले छह महीनों में किसानों और छोटे कामगारों के लिए बिजली की उपलब्धता में सुधार आया है। किसानों को तीन एचपी तक कि सिंचाई पंपों में सालाना छह हजार यूनिट तक और तीन से पांच एचपी के पंपों में साढ़े सात हजार यूनिट तक के बिजली बिल में छूट दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृति के लिए लंबित 19 हजार 906 आवास एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा में एकत्रित आवेदनों के अनुरूप राज्य को पुनरीक्षित केन्द्रांश के साथ करीब 50 हजार आवासों को प्राथमिकता से स्वीकृत करने का अनुरोध किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आज की यह बैठक राज्य में ऊर्जा और शहरी विकास को नई गति प्रदान करेगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव ने बैठक में कहा कि शहरों के विकास के लिए भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हम लगातार काम कर रहे हैं। राज्य में स्वच्छता, आवास, आजीविका, पेयजल इत्यादि के लिए तेजी से काम हो रहे हैं। इन कार्यों में प्रगति की नियमित समीक्षा भी की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में जमीनों के पंजीयन में अब ऑनलाइन पेमेंट की भी सुविधा

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर लोगों को एक और नई सुविधा मिलने जा रही है। राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में लोगों को अपने भूमि-मकान आदि के एनजीडीआरएस प्रणाली में पंजीयन के समय ऑनलाईन अपॉइंटमेंट लेने के पूर्व ही नेटबैंकिंग अथवा यूपीआई दोनों तरीके से भुगतान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए पंजीयन विभाग द्वारा ऑनलाईन शुल्क भुगतान की सुविधा को एनजीडीआरएस प्रणाली में जुलाई 2024 से लाईव किया गया है। पक्षकार रजिस्ट्री कराने हेतु ऑनलाईन अपॉइंटमेंट लेने के पूर्व ही नेटबैंकिंग अथवा यूपीआई दोनों तरीके से भुगतान कर सकते हैं।

गौरतलब है कि राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में एनआईसी द्वारा निर्मित एनजीडीआरएस प्रणाली से दस्तावेजों के पंजीयन का कार्य हो रहा है। ऑनलाईन पेमेंट की सुविधा न होने से पंजीयन शुल्क नगद, चेक तथा डीडी के माध्यम से जमा किया जाता रहा हैं। ऑनलाईन शुल्क भुगतान की सुविधा होने से विभाग कैशलेस के साथ पेपरलेस एवं फेसलेस पंजीयन की दिशा में अग्रसर हो सकेगा, जिसमें आधार आधारित वेरिफिकेशन किया जाकर पक्षकारों को घर बैठे ही संपत्ति के क्रय-विक्रय संबंधी विलेखों के पंजीयन की सुविधा प्रदान की जा सकेगी।

पंजीयन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक चरण में आम जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए वर्तमान में ऑनलाईन शुल्क भुगतान के साथ नगद अथवा चेक के माध्यम से फीस लिये जाने की व्यवस्था आगामी आदेश तक जारी रहेगी। ऑनलाईन भुगतान होने से पक्षकारों को सुविधा के साथ-साथ पंजीयन कार्यालय के कर्मचारियों को भी कैश हैंडलिंग की समस्या से राहत होगी।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि दस्तावेज लेखकों, अधिवक्ताओं एवं पंजीयन कार्य से जुडे व्यक्तियों को ऑनलाईन भुगतान के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है तथा विभाग द्वारा कैशलेश प्रणाली के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए अधीनस्थ पंजीयन कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के अतिरिक्त पंजीयन कार्यालयों में स्वाईप मशीनों की स्थापना भी की जा रही है। इससे दस्तावेजों का पंजीयन कराने वाले पक्षकारों को सुविधा होगी।

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पटवारी

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ में पटवारी हड़ताल पर बैठ गए है. करीब 5000 से अधिक पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए. ऑनलाइन एप भुइयां में गड़बड़ी, संसाधनों की कमी समेत 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी आंदोलन कर रहे हैं. इस हड़ताल की वजह से राजस्व विभाग के सभी काम ठप पड़े हुए है.

ये है प्रमुख मांगे :

प्रदेश के पटवारियों का कहना है कि सरकारी ऑफिस में ऑनलाइन कामों के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर जैसी चीजों की सुविधा ही नहीं है. इनका आरोप है कि ऑनलाइन कार्य के लिए शासन द्वारा किसी भी तरीके की कोई सुविधा नहीं दी जाती है. इसके अलावा, आवश्यक संसाधन और नेट भत्ता भी नहीं दिया जाता है. भुइंया पोर्टल में गड़बड़ी-

पटवारियों की सरकार से शिकायत है कि उन्हें जरूरी सुविधा नहीं दी जाती है. ऑनलाइन नक्शा बटांकन में संशोधन सीधे पटवारी की आईडी से होनी चाहिए, जो अभी नहीं होती है. जिला स्तर पर सहायक प्रोगामरों की पदस्थापना की जानी चाहिए.

साथ ही, भूमि खरीद-बेच में रजिस्ट्री के साथ ही भुइंया पोर्टल पर भी इसे अपडेट किया जाना चाहिए. किसान की कर्ज लेने बैंक में काट लेने के बाद भी भुइंया पोर्टल में बंधक नहीं हटाया जाता है, उसे स्वत: हटाने का प्रावधान होना चाहिए।

कृषि मित्रों के माध्यम से किया जा रहा बीजोपचार का कार्य : जैविक कृषि को बढ़ावा देने दिया जा रहा सुझाव

रायगढ़

राज्य शासन के निर्देशानुसार बिहान योजना के तहत किसानों को हित में बीजोपचार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है। जिससे किसानों के कृषि उत्पादन में वृद्धि होने के साथ ही आर्थिक विकास हो सके।

जिले के जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत 20 कृषि मित्र द्वारा ग्रामीणों को उन्नत कृषि के उपाय अपनाने एवं उपचारित बीजों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। बिहान अंतर्गत सामुदायिक आधारित संवहनी कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत महिला किसान के घर में बीज उपचार किया जा रहा है। ताकि किसानों को उपचारित बीज के माध्यम से बेहतर फसल के साथ लाभ मिल सके। पुराने धान के बीजोपचार किया जा रहा है। साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने एवं अधिक पैदावार को लेकर आवश्यक सुझाव दिए जा रहे हैं।

जुआ खेल रहे 8 जुआरी गिरफ्तार, जुआरियों से 11,800 रुपए जब्त

❒ आरोपियों पर थाना जूटमिल में जुआ एक्ट के साथ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

रायगढ़

दिनांक 09/07/2024 को नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के नेतृत्व में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज एवं थाना कोतवाली, जूटमिल, कोतरारोड की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर गढ़उमरिया पुराना सीमेंट फैक्ट्री के पास जुआ की सूचना पर घेराबंदी कर रेड किया गया। जहां पुलिस ने 08 जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा गया जिनके फड और पास से कुल रु.11,800 तथा 52 पत्ती ताश की गड्डी, एक प्लास्टिक बोरी (बिछाना) की जप्ती की गई है। थाना जूटमिल में जुआरियों के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत कार्यवाही किया गया है। साथ ही आरोपियों के कृत्य पर पृथक से धारा 170 BNSS के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

गिरफ्तार जुआरियों के नाम -

(1) हिमांशु साव पिता सुरेन्द्र साव उम्र 24 साल साकिन मल्दा थाना पुसौर रायगढ़

(2) दीपक कुमार सोनी पिता कमल किशोर सोनी उम्र 36 वर्ष सा. धांगरडीपा थाना कोतवाली रायगढ़

(3) कमल प्रसाद पिता सहमतराम सिदार उम्र 25 वर्ष सा. किरोडीमल नगर थाना कोतरारोड रायगढ़

(4) कृष्णा मिश्रा पिता सुखदेव मिश्रा उम्र 29 वर्ष सा. विजयपुर थाना चक्रधरनगर रायगढ़

(5) अनिल कुमार सोनी पिता स्व. रघुनाथ सोनी उम्र 48 वर्ष सा. बैकुण्डपुर कोतवाली रायगढ़

(6) मोह. अंसारी पिता मोह. मुखतार उम्र 51 वर्ष साकिन दुर्गापारा रायगढ़

(7) अनिल देवांगन पिता तीजराम देवांगन उम्र 38 वर्ष सा. चकघरनगर रायगढ़ (8) मोह. शहजादा पिता मोह. खादीर उम्र 34 वर्ष सा. राजातालाब कोतवाली रायगढ़

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विभिन्न स्थानों में किया गया पौधरोपण

जांजगीर-चांपा | आरएनएस

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में तालाब किनारे, सडक़ किनारे, स्कूल प्रांगण, खेल मैदान सहित विभिन्न स्थानों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा ''एक पेड़ माँ के नाम'' के तहत पौधारोपण किया जा रहा है।

अभियान के तहत जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायतों में स्कूल, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र व अन्य परिसरों में एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिक्षकों, बच्चों, सचिवों, सरपंचों के साथ साथ जनपद अध्यक्ष, बीडीसी व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वृक्षारोपण के साथ ही जल शक्ति से नारी शक्ति के तहत जल संरक्षण की जानकारी व शपथ भी लिए गए। ग्राम पंचायत लगरा जनपद पामगढ़ द्वारा नारी शक्ति से जल सक्ति के माध्यम से पौधारोपण किया गया व रैली निकाल कर गांव में जागरूक किया गया। इसके साथ जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के तालाब किनारे, सडक़ किनारे, स्कूल प्रांगण, खेल मैदान सहित विभिन्न स्थानों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा ''एक पेड़ माँ के नाम'' के तहत पौधारोपण किया गया।

आज से चलेगा पौधरोपण सप्ताह, सेल्फी कॉन्टेस्ट और नि:शुल्क पौधा का होगा वितरण- जिले में 10 जुलाई से 16 जुलाई तक ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृहद पौध रोपण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। वनमंडलाधिकारी प्रियंका पांडेय ने बताया कि 10 जुलाई को कलेक्टर आकाश छिकारा एक पेड़ मां के नाम से सेल्फी कॉन्टेस्ट और नि:शुल्क पौध वितरण कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। 13 एवं 14 जुलाई को हरियाली रथ रवाना किया जाएगा, जो 13 जुलाई को जांजगीर एवं 14 जुलाई को चांपा के मुख्य चौक-चौराहों में भम्रण करते हुए नि:शुल्क पौधा का वितरण करेगा। 16 जुलाई को समापन के साथ सभी स्कूल, कालेज, आंगनबाड़ी केन्द्र, आश्रमों, शासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायत भवनों, अमृत सरोवर सहित विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण करते हुए शपथ का आयोजन किया जाएगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

बेग और बोरी में टुकड़ों में बंटी मिली युवक की लाश

❒ मृतक की पहचान झारखण्ड रांची निवासी मोहम्मद वसीम अंसारी के रूप में हुई

कोरबा | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में आज सुबह यहां स्थित डैम में एक बैग और बोरी से एक युवक का शव अलग अलग टुकड़ों में बरामद हुआ, जिसका सर गायब था। सुबह गांव के लोग दिशा-मैदान के लिए ग्राम गोपालपुर के बंधापारा डेम की तरफ गए थे जहां डैम के पास एक बैग और तैरती बोरी पर उनकी नजर पड़ी। उसमे से बदबू आ रही थी। बैग व बोरे को खोल कर देखा तो उसमे इंसान के कटे हुए दो पैर व अन्य हिस्से मिले हैं। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना चैतमा पुलिस चौकी में दी। पुलिस अधिकारी दल-बल सहित मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू की। मामले में फोरेंसिक एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है।

पुलिस द्वारा एक अन्य बोरी गोताखोरों की मदद से डेम से निकलवाई गई जिसमें मृतक का सिर बरामद हुआ है। अभी भी समाचार लिखे जाने तक मृतक का धड़ याने की गर्दन और कमर के बीच का हिस्सा बरामद नहीं हो सका है जिसकी खोजबीन में पुलिस लगी हुई है।

पुलिस के मुताबिक चौकी चैतमा के ग्राम गोपालपुर में 2 बोरे और एक एडिडास के पि_ बैग में कटी हुई एक पुरुष उम्र 20-25 साल का शव बरामद हुआ है जो काली फ़ुल शर्ट, कंपनी रिओ, साइज रू स्लिम फिट का पहने हुआ था और एक सफ़ेद टी शर पहना था।

डैम के पास मिले बैग की तलाशी में आधार कार्ड की फोटो कॉपी और पासपोर्ट मिला है जिससे मृतक की पहचान मोहम्मद वसीम अंसारी, रांची के रूप में हुई है। मृतक का पैंट-शर्ट भी बरामद हुआ है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने बताया कि बोरे से पासपोर्ट और कुछ अन्य दस्तावेज मिले हैं। पासपोर्ट में युवक का नाम मोहम्मद वसीम अंसारी लिखा है, जिसकी जन्मतिथि 1998 है। मृतक युवक झारखंड के रांची का रहने वाला था। 2 जुलाई को दिल्ली एयरपोर्ट में एंट्री दिखाई दे रहा है। वह दमनदीव से रांची गया था। वहां से इधर कैसे पहुंचा, उसकी जांच की जा रही है। अन्य दस्तावेज पानी में भीग गए हैं।

पुलिस धड़ की तलाश कर रही है जिसके मिल जाने के बाद आगे की जांच बढ़ेगी। किसी अज्ञात हत्यारे ने बोरी में टुकड़ों को डालकर पत्थर-ईंट के साथ डैम में फेंक दिया था ताकि वह गहराई में ही दबा रहे। पुलिस अधिकारी एडिशनल एसपी कटघोरा नेहा वर्मा, पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा मातहतों के साथ गुत्थी को सुलझाने में जुटे हैं। एसपी सिद्धार्थ तिवारी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। मुखबिरों को भी सक्रिय कर दिया गया है।